सीएफएल की सप्लाई पूरी : सेठ

- सप्लाई करने वाली एचपीएल कंपनी के चेयरमैन का दावा

जागरण ब्यूरो, शिमला : एचपीएल समूह द्वारा हिमाचल सरकार को दी जाने वाले 40 लाख सीएफएल की सप्लाई पूरी हो चुकी है। सरकार ने इन सीएफएल को राज्य के उपभोक्ताओं को मुफ्त बांटा है। एचपीएल कंपनी का दावा है कि वह देश की एक मात्र ऐसी कंपनी है जिसके पास (.85)पीएफ मानक के सीएफएल बनाने की मान्यता है। यही सीएफएल हिमाचल प्रदेश को भी दिए गए हैं। शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कंपनी के चेयरमैन ललित सेठ ने बताया कि उनकी कंपनी अभी तक केवल स्विच, इलैक्ट्रिक एनर्जी मीटर, सीएफएल एवं सुरक्षा उपकरण ही बनाती थी, लेकिन अब उनकी कंपनी वायर्स व केबल बनाने का कार्य भी शुरू कर रही है।

कंपनी निदेशकों ने रिषी एवं गौतम सेठ ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के लिए जो बल्ब कंपनी ने दिए हैं, उनका यह उत्पाद उनकी देश की ही यूनिटों में बना है। उन्होंने कहा कि हमने चीन से कोई भी बल्ब आयात नहीं करवाया है। उन्होंने कहा कि एचपीएल ग्रुप का वित्तीय वर्ष (2009) में 630 करोड़ रुपये का टर्नओवर है। जिसे वर्ष 2011 में बढ़ाकर एक हजार करोड़ करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि कंपनी के 69 मार्किटिंग दफ्तर हैं और 9 हजार रिटेलर हैं और 3600 लोग कार्य करते हैं। एचपीएल का विदेश में दो जगहों पर विदेशी कंपनियों के साथ बराबर की हिस्सेदारी में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा भारत में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रानिक एनर्जी मीटर तैयार किए जाते हैं। प्रतिदिन 2 हजार मीटर बनते हैं जिन्हें देश के क़ई राज्यों के बिजली बोर्डों को सप्लाई किया जा रहा है।

शिमला में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते एचपीएल कंपनी के चेयरमैन ललित सेठ। जागरण

ललित सेठ ने कहा कि हिमाचल में कसौली के समीप जाबली में उनका 110 करोड़ रुपये कीमत का प्लांट लग चुका है। यहां पर अत्याधुनिक तकनीक से एमसीबी, डिस्ट्रब्यूशन बोर्ड, आरसीसीबी, इलेक्ट्रानिक पैनल मीटर भी बन रहे हैं।